# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–23 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

देश भर में आज भाई बहन के पावन प्रेम का त्योहार भाई–दूज श्रद्धा और भक्ति के माहौल में पारम्परिक तरीके से मनाया जा रहा है। इसे देश के अलग–अलग हिस्सों में भाई फोटा, भाउबीज, भाई टीका और यम द्वितीया नाम से भी जाना जाता है। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए भाई दूज पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाई–बहन के बीच आपसी प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई दूज भाई–बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का त्योहार है। इस बीच, भाई दूज पर्व पर आज सुबह से ही श्रद्धालु अयोध्या के सरयू नदी, प्रयागराज और मथुरा के यमुना नदी में स्नान के बाद पूजा अर्चना कर रहे हैं। हमारे मथुरा प्रतिनिधि ने बताया कि वहां यमुना नदी के विश्राम घाट पर यम की फांस से मुक्ति पाने की कामना लेकर आए श्रद्धालु भाई–बहनों द्वारा एक साथ यमुना में डुबकी लगाई गई। स्नान के बाद यमराज मंदिर में उन्होंने साथ–साथ पूजा अर्चना की। मथुरा से मोहम्मद उमर कुरैशी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

रेलवे, छठ पर्व पर पाँच दिनों में पंद्रह सौ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। ये रेलगाड़ियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जा रही हैं। अतिरिक्त रेलगाड़ियों के संचालन के साथ–साथ रेलवे द्वारा त्योहारों में बढ़ी रेलयात्रियों की भीड़ को देखते हुए स्टेशनों पर उनके विश्राम के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। यात्रियों का कहना है भारतीय रेल के ये प्रयास उनके सफर को सुगम और आरामदायक बना रहे हैं। गोरखपुर से पुणे की यात्रा पर जा रहे राजेश कुमार ने बताया कि स्टेशन पर यात्रियों के लिए अच्छा इंतजाम किया गया है।

**मेरा नाम है राजेश कुमार । मैं नेबुआ नौरंगिया पडरौना से आ रहा हूं और मेरे को पुणे जाना है। इधर व्यवस्था सब बढिया है। मेरे को तो बहुत अच्छा लगा।**

**********

केन्द्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी विनियमों में बदलाव प्रस्तावित किए हैं। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार सामग्री की स्पष्ट लेबलिंग अनिवार्य बनायी गयी है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***इलेक्ट्रॉनिकि और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि डीप फेक ऑडियो वीडियो और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल भ्रामक सामग्री से भारी नुकसान हो सकता है। इससे किसी की प्रतिष्ठा को हानि पहुंच सकती है। चुनावों पर असर डाला जा सकता है और वित्तीय धोखाधड़ी हो सकती है। सूचना प्रौद्योगिकी विनियम 2021 में प्रस्तावित संशोधन भ्रामक सूचनाओं के स्रोत का पता लगाना और जवाब देही तय करने का स्पष्ट कानूनी आधार उपलब्ध कराते हैं। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मसौदा विनियमों पर संबंधित पक्षों से प्रतिक्रिया मांगी है। प्रतिक्रिया अगले महीने की 6 तारीख तक आईटी रूल्स डॉट कंसल्टेशन एट द रेट एमईआईटीवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर ईमेल की जा सकती है। समाचार कक्ष से अमीषा।***

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर नए जीएसटी सुधार को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के वित्तीय बोझ कम करने के लिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं पर करों में कमी की है। संशोधित जीएसटी ढांचों के तहत एयर कंडीशनर और टेलीविजन पर कर 28ः से घटकर 18ः कर दिया गया है। मॉनिटर, प्रोजेक्टर और इलेक्ट्रिक संचायक पर कर 28ः से घटकर 18ः कर दिया गया है। इसके साथ ही डिशवॉशर पर जीएसटी कर 18ः होने से अब यह घरों के लिए किफायती हो गए हैं। रोहन के साथ आदित्य प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

उत्तराखंड में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ मंदिर और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए आज से बंद कर दिये गये। केदारनाथ मंदिर के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे बंद किये गये। वहीं, श्री यमुनोत्री धाम के कपाट दिन के साढ़े बारह बजे बंद कर दिये गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं।

**3 महीने का कालखंड ऐसा रहा है की पूरी तरह से आपदा रही है भारी बारिश लैंडस्लाइड हुआ, लेकिन बाबा की कृपा से साढ़े 17 लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा के दर्शन करने आए हैं और मैं चारों धामों की बात करूं तो बड़ी आपदा के बाद भी इस बार रिकार्ड संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं और 50 लाख श्रद्धालु अभी तक दर्शन कर चुके हैं।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी संभाग में इस माह की उन्तीस तारीख को कहीं–कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अंचल में अट्ठाइस अक्टूबर तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********